फैक्स के जरिए तारों का त्वरित वितरण

4213. **श्री विश्वासराव रामराव पाटिल** : क्या संचार मंत्री 14 जुलाई, 1992 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न सं० 501 को दिये गए उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार तारों के त्वरित वितरण के लिए फैक्स का इस्तेमाल करने का विचार रखती है ;

(ख) यदि हाँ, तो उसका ब्यौरा क्या है ; और

(ग) यदि ऊपर भाग (ख) का उत्तर "ना" हो तो उसके क्या कारण है ?

संचार मंत्रालय में उप मंत्री (श्री पी०वी० रंगैया नायडू) : (क) जी नहीं ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

(ग) फैक्स सेवा का इस्तेमाल विभिन्न शुल्क दरों पर प्रलेखन संचारण के लिए किया जाता है ।

मुंबई में डाक वितरण की बिगड़ी हुई स्थिति

4214. **डा० बापू कालदाते** : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मुंबई में डाक वितरण व्यवस्था बहुत बिगड़ गई है ;

(ख) यदि हां, तो डाक वितरण व्यवस्था में सुधार करने के लिए सरकार का क्या कदम उठाने का विचार है ;

(ग) क्या यह सच है कि पिछले दस वर्षों में कार्यभार दोगुना हो गया है जबकि कर्मचारियों की संख्या दस साल पहले जितनी ही है ;

(घ) यदि हां, तो क्या सरकार कर्मचारियों की संख्या में वृद्धि करने पर विचार कर रही है ;

(ङ) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ; और

(च) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

संचार मंत्रालय में उप मंत्री (श्री पी० वी० रंगैया नायडू) : (क) और (ख) जी नहीं । तथापि, डाक पारेषण और डाक वितरण में सुधार लाने के लिए अनेक कदम उठाए गए हैं जैसे :—

(i) स्थानीय डाक को अलग से एकत्र करने के लिए हरे लैटर बाक्स लगाना ।

(ii) संग्रहण कार्यालय में डाक की विस्तृत छंटाई ।

(iii) छंटाई कार्यालयों में कार्य-समय बढ़ाना ।

(ग) से (च) यद्यपि, इस अवधि के दौरान डाक वितरण संबंधी कार्यभार बढ़ा हैं । किन्तु यह 100 प्रतिशत नहीं बढ़ा है इस बढ़े हुए कार्यभार से निपटने के लिए नए पदों के सृजन पर प्रतिबंध के सरकार के सामान्य आदेशों में छूट देते हुए वर्ष 1990 में पोस्टमैन के 274 पद और छंटाई पोस्टमैन के 52 पद मंजूर किए गए ।

Earth Station for Electronic Mail Service in Andhra Pradesh

4215. DR. NARREDDY THULASI REDDY: Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) whtther there is any proposal under Government's consideration to install earth stations for Electronic Mail Service in Andhra Pradesh during the year 1992-93; and

(b) if so, what are the details thereof?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI P. V. RANGAYYA NAIDU): (a) and (b) There is a plan for installation of 75 micro-earth stations to establish satellite